

# 5 चरण सर्कुलर टॉप

*इस सुन्दर 5 चरणों वाले सर्कुलर टॉप को बनाना आसान है और यह गर्मियों के लिए काफी अच्छा है*

## सामग्री की सूची

60 इंच चौड़ाई वाला 2.5 मीटर कपड़ा
5-चरण टॉप का टेम्पलेट
मार्कर
स्केल
कैंची
पिंस
उषा जनोम रोल्ड हेम फुट
और धागा

सबसे पहले कपड़े को आधा मे मोड़ें और फिर इसे डबल तह करें जैसा कि वीडियो में दिखाया गया है।


## चरण 1 टेम्पलेट का निशान लगाना और काटना

फिर www.ushasew.com से डाउनलोड किए गए टेम्पलेट को कपड़े पर रखें। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि टेम्पलेट का सीधा किनारा कपड़े की तह पर हो। इसको सही से रखने के बाद, टेम्पलेट को पिन करें। फिर मार्कर लें और कपड़े पर टेम्पलेट का निशान लगा दें, इसे सावधानी से करें। पिन को निकाल दें और टेम्प्लेट हटा लें। अब लगाए गए निशानो के अनुसार कटिंग कर लें। इसे ध्यान से और ठीक से करें। यहाँ पर चरण 1 समाप्त होता है! चरण 2 में जाने से पहले, आइए पैटर्न के बारे में जान लें। डबल तह खोलें और टेम्पलेट के नापो को देखें। यह आपके टॉप की नेकलाइन होगी और ये साइड्स होंगी। अब हम नेकलाइन और साइड्स पर काम करेंगे।

## चरण 2 नेकलाइन को फिनिश करना

चरण 2 के लिए, स्टैण्डर्ड प्रेस्सेर फुट को हटा के रोल्ड हेम फुट लगा लें। इसे इसकी जगह लगाएं और नेकलाइन के किनारे को प्रेस्सेर फुट के साथ संरेखित करें। हमें फ्लैट हेमिंग के लिए एक इंच के चौथाई भाग को मोड़ना होगा, जैसा कि दिखाया गया है। पैटर्न सेलेक्टर डायल को A पर जो की स्ट्रेट स्टिच है और स्टिच लेंथ डायल को 2.5 पर सेट करना न भूलें।






दिखाए अनुसार फ्लैट हेमिंग शुरू करें, आगे बढ़ते हुए इसे अंदर की तरफ तह करते रहें। हम ऐसा नेकलाइन के चारों तरफ करेंगें। आप बिलकुल सही कर रहे हैं। आपकी नेकलाइन इस तरह दिखनी चाहिए।

## चरण 3 हेमलाइन को फिनिश करें



जो कपड़े के किनारों को फ्लैट हेमिंग से एक अच्छा फिनिश देगा। हम नेकलाइन वाली उसी प्रक्रिया को दोहराएंगे, कपड़े के एक इंच के चौथाई भाग को मोड़ेंगे और सिलना शुरू करेंगे। हम कपड़े को सब तरफ से सिलेंगे, यह मुश्किल हो सकता है लेकिन आप ऐसा कर सकते हैं। और हो गया! किसी भी अतिरिक्त धागे को काट दें। साइड और नेकलाइन पर आपकी सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए।











चरण 4 मे, आर्महोल बनाने के लिए हमें साइड्स को सिलना होगा। ऐसा करने के लिए, हमें टेम्पलेट की आवश्यकता होगी, टेम्पलेट को टॉप के एक साइड पर रखें। यदि आप देखते हैं कि मध्य में एक सीधी रेखा खींची गई है, तो दिखाए अनुसार कपड़े पर पॉइंट्स बनाने के लिए लाइन का उपयोग करें। अब टेम्पलेट को मोड़ लें और दूसरे हिस्से पर भी यही प्रक्रिया दोहराएं। ये आपके निशान होंगे। आसानी से सिलने के लिए, हम दोनो तरफ के पॉइंट्स रूलर की मदद से एक साथ जोड़ेंगे। सुनिश्चित करें कि यह एक सीधी रेखा हो। कपड़े को सही जगह पर रखने के लिए इन लाइन्स के अनुसार पिन लगा दें। अब हम पिन किए गए भाग को एक साथ सिलेंगे। ऐसा करने के लिए, हेमिंग के लिए उपयोग किए गए प्रेस्सेर फुट को हटा के नियमित प्रेसर फुट लगा लें और सिलाई की चौड़ाई 5 पर सेट करें। ऐसा करने के बाद, चिह्नित किये गए लाइन को प्रेसर फुट से संरेखित करें और सिलाई शुरू करें। शुरुआती कुछ टाँके के बाद हम रिवर्स सिलाई के लिए रिवर्स स्टिच सेलेक्टर का उपयोग करेंगे, इससे हमारे टाँके मजबूत होंगे। लाइन के अंत तक सिलते रहें। धागे को कटर से काटें और अपने टाँके की जाँच करें, ये ऐसे दिखने चाहिए। एक बार संतुष्ट होने के बाद, दूसरी लाइन के लिए भी यही प्रक्रिया दोहराएं।

## चरण 5 नेकलाइन को सुशोभित करें



नेकलाइन को सजाने के लिए , वीडियो में दिखाए अनुसार नेकलाइन को सजाने के लिए  अपने उषा 3-वे कोरिंग और बीडिंग फुट का उपयोग करें। इसका ट्यूटोरियल देखने के लिए हमारी वेबसाइट www.ushasew.com पर जाएं। क्या यह बहुत सुन्दर नहीं लग रहा? आप इस 5 स्टेप टॉप को एक हेडबैंड और डैंग्लर इयररिंग्स के साथ पहन सकते हैं और इस से आपको एक परफेक्ट लुक मिलेगा। अपने दोस्तों के साथ नाश्ते से लेकर शॉपिंग तक यह टॉप आपके स्टाइल को बढ़ा देगा।